**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM- II EXAMINATION (2023-24)**
**HINDI**

**CLASS: VIII** | **MAX MARKS: 80**
**DATE: 12/03/2024** | **TIME: 3 HOURS**

---

**सामान्य निर्देश :**
**1.इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ ।**
**2.चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
**3.इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं ।**
**4.प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।**

---

## खंड – क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (10)**

**बालक अपने माता –पिता से अनुकरण द्वारा जिस भाषा को सीखता है, वह उसकी मातृभाषा होती है । प्राय: किसी वर्ग विशेष, समाज विशेष या प्रांत विशेष में बोली जानेवाली भाषा उसके सदस्यों की मातृभाषा होती है । वे घर में, घर से बाहर, मित्रों में, विद्यालय में और निकटवर्ती समाज में इसी भाषा का प्रयोग करते हैं । कई शिक्षा शास्त्रियों के मत में मातृभाषा के माध्यम से बालक को शिक्षा देना सुलभ और सुगम होता है । वह अपनी मातृभाषा में ही सोचता और समझता है । वह उस भाषा के घरेलू और व्याकरण रहित रूप से पहले ही परिचित होता है। केवल उसकी लिपि, व्याकरण तथा साहित्यिक रूप सीखने से वह उसे शीघ्र हृदयंगम कर सकता है । ऐसी भाषा के माध्यम से वह अन्य विषयों को भी शीघ्र पढ़-लिख सकता है । मातृभाषा के अतिरिक्त राष्ट्रभाषा या अंतर्राष्ट्रीय भाषा भी शिक्षा का माध्यम होती है । वह अपने क्षेत्र या प्रांतों की भाषा तो होती ही है, परंतु राजकीय कार्यों में तथा सार्वजनिक क्षेत्र में समस्त देश में प्रयुक्त होने के कारण सारे देश में बोलने और समझनेवाली भाषा बन जाती है । आज हिंदी को भारतवर्ष में वही गौरव प्राप्त है । इसी प्रकार जिस भाषा का विभिन्न राष्ट्रों के आपसी व्यवहार तथा राजकीय कार्यों में प्रयोग होता है उसे अंतर्राष्ट्रीय भाषा कहते हैं । अंग्रेज़ी अंतर्राष्ट्रीय भाषा है ।**

**प्रश्न**

**(क) मातृभाषा किसे कहते हैं ?**

**(ख) मातृभाषा का प्रयोग लोग कहाँ –कहाँ करते हैं ?**

**(ग) मातृभाषा के माध्यम से बालक को शिक्षा देना आसान क्यों होता है ?**

**(घ) अंतर्राष्ट्रीय भाषा किसे कहते हैं ?**

**(ङ) शिक्षा किन -किन भाषाओं के माध्यम से दी जाती है ?**

**(च) गद्यांश में किन –किन भाषाओं को उदाहरण के रूप में दिया गया है ? नाम लिखिए ।**

**(छ) 'दुर्गम' और 'दुर्लभ' शब्दों के लिए विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए ।**

**(ज) 'इक' और 'ईय' – प्रत्यय से बने दो शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए ।**

**(झ) 'राष्ट्र' शब्द के लिए दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।**

**(ञ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।**

## खंड – ख (व्याकरण)

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – (4)

(क) कितना सुंदर वाह चित्र है यह !

(ख) उसने दुकान से कुछ किताबें खरीदे।

(ग) जब भी आप आओ, साहब से मिलें।

(घ) कृपया करके मेरे साथ चलो।

प्रश्न 3. 'अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) अब तक तो वह घर पहुँच चुका होगा। अर्थ के आधार पर यह वाक्य का कौन- सा भेद है ? (1)

(क) निषेधात्मक वाक्य

(ख) संकेतवाचक वाक्य

(ग) विधानवाचक वाक्य

(घ) संदेहवाचक वाक्य

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से इच्छावाचक वाक्य वाला विकल्प कौन- सा है ? (1)

(क) ईश्वर तुम्हारा परिश्रम सफल करें।

(ख) अगर पढ़ते तो अच्छे अंक आते।

(ग) अरे! लड़के पढ़ रहे हैं।

(घ) आप काम मत कीजिए।

(iii)'शायद गाड़ी मिल जाए।' इस वाक्य का निषेधात्मक रूप वाला विकल्प कौन- सा है ? (1)

(क) गाड़ी मिल गई होगी।

(ख) गाड़ी मिल गई।

(ग) क्या उसे गाड़ी मिल जाएगी?

(घ) उसे गाड़ी नहीं मिलेगी।

प्रश्न 4. 'वाच्य' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i)'मैं बैठ नहीं सकती।' वाच्य का कौन– सा भेद है ? (1)

(क) कर्तृवाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) इनमें से कोई नहीं।

(ii)'ये कविताएँ उमा द्वारा लिखी गईं।' इस वाक्य का कर्तृवाच्य रूप वाला विकल्प कौन- सा है ? (1)

(क) उमा ने वे कविता लिखी।

(ख) ये कविताएँ उमा ने लिखीं।

(ग) यह कविता उमा द्वारा लिखी गई।

(घ) उमा ने यह कविता लिखी।

( iii)'वह खाना बना रही है।' इस वाक्य का अकर्तृवाच्य रूप वाला विकल्प कौन- सा है ? (1)

(क) उनसे खाना बनाया जाएगा।

(ख) उससे खाना बनाया जाता है।

(ग) वह खाना बनाती है।

(घ) उससे खाना बनाया जा रहा है।

प्रश्न 5. 'स्वर संधि' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) 'वर्षर्तु' का सही संधि –विच्छेद होगा - (1)

(क) वर्षा + रितु (ख) वर्ष +ऋतु (ग) वर्ष + ऋतू (घ) वर्षा +ऋतु

(ii) 'मातृ + आदेश' की संधि कीजिए। (1)

(क) मात्रादेश (ख) मातृदेश (ग) मातादेश (घ) मतर्देश

(iii) वर्ग –अ को वर्ग – ब के साथ सुमेलित कीजिए और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प छाँटिए। (1)

| | वर्ग –अ | | वर्ग –ब |
|---|---|---|---|
| 1 | भानूदय | i | वृद्धि संधि |
| 2 | भावुक | ii | दीर्घ संधि |
| 3 | स्वागत | iii | यण संधि |
| 4 | सदैव | iv | अयादि संधि |

विकल्प:

(क) 1 और iv (ग) 3 और iii

(ख) 2 और i (घ) 4 और ii

प्रश्न 6. 'मुहावरे और लोकोक्तियों' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i)बच्चों ने तो टीचर की -------------- कर दिया है।

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) नाकों चने चबाना (ग) कमर कसना

(ख) हाथ –पाँव फूल जाना (घ) नाक में दम करना

(ii) जो लोग काम से ----------- हैं, कभी सफल नहीं हो पाते।

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) जी चुराना (ग) डींग मारना

(ख) पापड़ बेलना (घ) गागर में सागर भरना

(iii)'सब मनुष्य समान नहीं होते' अर्थ देने वाली लोकोक्ति के लिए उपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) पाँचों उँगलियाँ बराबर न होना (ग) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

(ख) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता (घ) हीरे की परख जौहरी जाने

## खंड – ग (साहित्य)

प्रश्न 7 . निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- (5)

(क) म्यान (ख) आँकना (ग) पर्दाफाश (घ) ईजाद (ङ) सिटपिटाना

प्रश्न 8. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- (4)

(क) कान खड़े करना (ख) जान हथेली पर रखना (ग) सिर धुनना (घ) चैन की नींद सोना

प्रश्न 9 . निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :- (4x2=8)

(क) कबीर के दोहों को 'साखी' क्यों कहा जाता है ?

(ख) समुद्र में बूँद ने किन-किन चीज़ों को देखने का आनंद प्राप्त किया ?

(ग) अंग्रेज़ ने मेजर डगलस से संबंधित कौन-सा किस्सा सुनाया ?

(घ) बस कंडक्टर ने अपनी ईमानदारी कैसे व्यक्त की थी ?

(ङ) साँप की गुफ़ा कैसी थी ?

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :- (3x4=12)

(क) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ख)"मुझे कोई शिकायत नहीं है।" बाज ने ऐसा क्यों कहा ? विचार प्रकट कीजिए।

(ग) 'पानी की कहानी' –पाठ के माध्यम से लेखक हमें क्या संदेश देना चाहता है ?

(घ) अंग्रेज़ के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने तक से क्यों इनकार कर दिया था ? आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे ? स्पष्ट कीजिए।

(ङ)'तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं'-उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्त्व नहीं दिया है, उसकी दृष्टि से मनुष्य के भीतर जो महान आंतरिक गुण स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वही चरम और परम है। लोभ-मोह, काम-क्रोध आदि विचार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं, पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन तथा बुद्धि को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना बहुत बुरा आचरण है। भारतवर्ष ने कभी भी उन्हें उचित नहीं माना, उन्हें सदा संयम के बंधन से बाँधकर रखने का प्रयत्न किया है। परंतु भूख की उपेक्षा नहीं की जा सकती, बीमार के लिए दवा की उपेक्षा नहीं की जा सकती, गुमराह को ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

प्रश्न

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (2)

(ii) भारत में किन वस्तुओं के संग्रह को महत्त्व नहीं दिया जाता है ? (1)

(iii) बुरा आचरण से क्या तात्पर्य है ? (1)

(iv) चरम और परम किसे माना जाता है ? (1)

(v) भारतवर्ष का क्या प्रयत्न रहा है ? (1)

(vi) निम्नलिखित कथन(A) – कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए। (1)

कथन (A) : गुमराह को ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

कारण (R) : लेखक समझाना चाह रहे हैं कि जो गलत राह पर चल निकले हैं, उन्हें ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों को महत्त्व देना चाहिए।

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। कारण(R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) गलत है कारण(R) सही है।

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न 12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- (5)

(क) अनुशासन ही जीवन है (ख) यदि मैं अध्यापक बन जाऊँ (ग) लोक प्रिय खेल- क्रिकेट

प्रश्न 13. आप 'मस्कट अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला' देखने गए। इसका वर्णन करते हुए अपने चचेरे भाई को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5)

या

आपका मित्र कविता प्रतियोगिता में प्रथम आया है। उसे बधाई देते हुए लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए।

प्रश्न 14. पिता और पुत्र के बीच नया मोबाइल खरीदने को लेकर हुई बातचीत को लगभग 80 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। (4)

या

'पायलट' कलमों की बिक्री बढ़ाने हेतु आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 15. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र का वर्णन लगभग 80 शब्दों में कीजिए। (4)



********